खेलकूद | तीन दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य समापन

# जूडो, ताइक्वांडो और स्केटिंग में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




**नवभारत, जबलपुर।** पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय टीसी में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का 30 अप्रैल को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। समापन समारोह में जबलपुर संभाग के मुख्य उपायुक्त दिग्गराज मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य पी.बी. पांडे ने उनका स्वागत पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंट कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुई। इस अवसर पर जबलपुर संभाग के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से आए अनुरक्षक शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। प्राचार्य श्री पांडे ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। मुख्य अतिथि श्री मीणा ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## स्वर्ण पदक जीतकर की उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल

प्रतियोगिताओं में स्केटिंग, ताइक्वांडो, जूडो और बॉक्सिंग जैसे खेल शामिल रहे, जिनमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्केटिंग प्रतियोगिता में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सतना क्रमांक-1 की माहिरा खान ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो में केवी एससीएल जमुना कॉलरी के अवनीत कुमार गुप्ता के प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया। वहीं, अंडर-17 वर्ग में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 एसटीसी जबलपुर की अनामिका परते ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक मनोज तिवारी ने किया। अंत में मुख्य अध्यापक संदीप पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी में भी समापन

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी में भी जबलपुर संभाग की बालिका वर्ग शतरंज और हैंडबॉल की संभागीय प्रतियोगिता 2026-27 का समापन हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल नीरज कुमार, प्रशासनिक अधिकारी सीओडी जबलपुर एवं नामित अध्यक्ष पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी जबलपुर रहे। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य वाय.के. सोलंकी के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। सभी विजयी व चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाये दी गई। विद्यालय की खेलकूद शिक्षिका सुश्री सरोज गंगवार द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आयोजित प्रतियोगिताओं में हैंडबॉल -17 में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी जबलपुर प्रथम स्थान, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर छिंदवाड़ा शिफ्ट ज़ द्वितीय स्थान पर और पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सागर नंबर 1 तृतीय स्थान पर रहा। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर के प्रजापति द्वारा दिया गया।

# ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ



**नवभारत,जबलपुर।** पी.एम. श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंगानगर गढ़ा स्थित जूडो नोडल सेंटर में 1 मई से 30 मई तक आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन म.प्र. शासन के शालेय शिक्षा विभाग, म.प्र. ओलंपिक संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, विशिष्ट अतिथि जिला जूडो सचिव एवं वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान, श्रीमती माधुरी नाज़वाले एवं रश्मि खरे द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री एस.एन. श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में छात्राओं एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया। प्राचार्य श्री एस.एन. श्रीवास्तव ने बताया कि यह नोडल सेंटर क्षेत्र की बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में आसपास के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की छात्राएं प्रतिदिन प्रात: 6 से 8 बजे तक नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगी। मुख्य अतिथि मधुमिता हाजरा ने कहा कि जूडो केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा का माध्यम है।

विशिष्ट अतिथि आबिद हुसैन खान ने जूडो की तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास की सलाह दी और कहा कि मेहनत से खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनीष दुबे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में क्रीड़ा प्रभारी दीपशिखा परोहा, संतोष शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आज से

**नवभारत,जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन 1 मई को प्रात: 7 बजे केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एफ.के. मेश्राम करेंगे। इस शिविर में विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के बच्चों सहित उनके आश्रित बच्चे भाग ले सकेंगे। शिविर में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस (8-16 वर्ष), वॉलीबॉल (10-16 वर्ष), बॉडी बिल्डिंग एवं फिजिकल फिटनेस (12-16 वर्ष), स्केटिंग (8-14 वर्ष), मार्शल आर्ट ताइक्वांडो (16 वर्ष तक), कुश्ती (8-16 वर्ष), शूटिंग (10 वर्ष से अधिक आयु) तथा एरोबिक्स (10 वर्ष से अधिक बालिकाएं) सहित कुल 13 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग का प्रशिक्षण भी अलग से उपलब्ध रहेगा। शिविर में केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अनुभवी प्रशिक्षक प्रशिक्षण देंगे। इच्छुक प्रतिभागी पाण्डुताल मैदान के निकट मशाल परिसर स्थित परिषद कार्यालय से प्रात: 10:30 से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# पुलिसवाला बनकर ठग ने पार की कार

**जबलपुर।** खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले एक जालसाज ने बड़ी चालाकी से एक ड्राइवर की मेहनत की कमाई इनोवा कार पार कर दी। आरोपी ने पहले किराये पर गाड़ी लगवाने का लालच दिया और फिर खुद ही ड्राइवर भेजकर गाड़ी मंगवाई और चंपत हो गया। माढोताल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र वंशकार (46) निवासी ग्राम सुंदरपुर खमरिया पेशे से ड्राइवर हैं, उन्होंने मई 2025 में सिल्वर रंग की इनोवा कार क्रमांक एमपी 34 सी ए1477 सेकंड हैंड खरीदकर बैंक से फाइनेंस कराई थी। अप्रैल 2026 के पहले हफ्ते में जब राजेंद्र का रिश्तेदार राजू बंसकार माल की डिलीवरी कर रीवा से लौट रहा था। रास्ते में झुकेही कटनी से एक अज्ञात व्यक्ति राजू की गाड़ी में बैठ गया। उस व्यक्ति ने खुद को पुलिस वाला बताया और झांसा दिया कि वह राजेंद्र की कार को अच्छे किराये पर लगवा देगा। 10 अप्रैल 2026 की रात करीब 8 बजे आरोपी ने राजेंद्र को फोन किया और गाड़ी की मांग की। जब राजेंद्र ने कहा कि उसके पास फिलहाल ड्राइवर नहीं है, तो शातिर ठग ने कहा चिंता मत करो, ड्राइवर मैं भेज देता हूँ। आरोपी ने अक्षय बर्मन नाम के ड्राइवर से राजेंद्र की बात कराई। राजेंद्र ने पनागर स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ी अपनी कार अक्षय बर्मन को सौंप दी। आरोपी ने अक्षय को कटंगी बायपास स्थित शराब दुकान के सामने बुलाया और 11 अप्रैल की रात करीब 12:10 बजे गाड़ी लेकर चला गया। उसने ड्राइवर अक्षय को अगले दिन सुबह 7 बजे ऑफिस आकर गाड़ी का वेरिफिकेशन कराने को कहा। अगले दिन जब ड्राइवर अक्षय ने उस कथित पुलिस वाले को फोन लगाया, तो उसने पहले उसे 10:30 बजे ऑफिस आने को कहा। लेकिन उसके बाद से ही उस व्यक्ति का मोबाइल नंबर बंद आने लगा। काफी समय तक संपर्क न होने और नंबर लगातार बंद रहने पर राजेंद्र को समझ आया कि वह ठग का शिकार हो चुका है अब पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

## नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के शहर एवं जिला संगठनों की संयुक्त बैठक टाउन हॉल गांधी भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुराग जैन, शहर कांग्रेस महासचिव मनोज नामदेव, निर्मल जैन सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ, प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया, एड. प्रकाश चंद गोलाछा, प्रीति चौधरी सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया।

# मॉइस्चर मीटर से मापी नमी, कांटे पर बोरियों का लिया वजन

▶ संभागायुक्त एवं कलेक्टर पहुंचे खरीदी केंद्र, व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिए निर्देश



**नवभारत,जबलपुर।** संभागायुक्त जबलपुर धनंजय सिंह भदौरिया ने शहपुरा तहसील के मजीठा और खिरका खेड़ा स्थित गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त ने चेकलिस्ट के अनुसार उपार्जन व्यवस्था की एक-एक बिंदुवार जानकारी ली तथा केंद्रों पर भंडारण, खरीदी प्रक्रिया और आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर छाया, पेयजल, छन्ना एवं फायर सेफ्टी सहित सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि स्लॉट बुकिंग प्रणाली के अनुसार ही पारदर्शी तरीके से गेहूं की खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी क्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शहपुरा के समीप खिरकाखेड़ा स्थित वर्धमान वेयरहाउस में संचालित गेहूं खरीदी केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया।

### वर्षा से गेहूं की सुरक्षा के इंतजाम करने दिए निर्देश

बदलते मौसम और संभावित वर्षा को देखते हुए कलेक्टर ने गेहूं की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी के तुरंत बाद गेहूं को सुरक्षित स्थानों पर स्टैकिंग की जाए, ताकि बारिश से नुकसान न हो। साथ ही, केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण गेहूं ही खरीदा जाए। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अनैतिक एवं एकपक्षीय कार्यवाही का पटवारियों ने किया विरोध



▶ मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन चस्पा कर किया शांतिपूर्ण विरोध

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ, जिला शाखा जबलपुर द्वारा गुरुवार को पटवारियों पर हो रही कथित अनैतिक एवं एकपक्षीय कार्यवाहियों के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। जिले भर के पटवारी दोपहर लगभग 12 बजे से एकत्र होकर धरने पर बैठे और अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता दिखाई। प्रदर्शन के दौरान पटवारियों ने कलेक्टर से भेंट कर ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया, लेकिन मुलाकात संभव नहीं हो सकी। इस दौरान अधिकारियों द्वारा परिसर खाली कराने का दबाव भी बनाया गया। लगभग चार घंटे प्रतीक्षा के बाद भी जब कलेक्टर से भेंट नहीं हो सकी, तो शाम करीब 4 बजे पटवारियों ने अपना ज्ञापन कलेक्टर कक्ष के समक्ष चस्पा कर विरोध दर्ज कराया।

### भीषण गर्मी में डटे रहे पटवारी, बिगड़ी तबीयत

तेज धूप और अधिक तापमान के बीच कई पटवारियों की तबीयत बिगड़ने लगी, इसके बावजूद प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों पर अडिग रहे और विरोध जारी रखा। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि यदि कथित अनैतिक कार्यवाहियों को वापस नहीं लिया गया तो आगामी 7 दिनों के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जागेंद्र पिपरी, कार्यकारी अध्यक्ष मुक्ता चौकसे सहित नरेश दुबे, अमित कुररिया, कपिल तिवारी, पंकज पाठक, प्रभात परोहा, राजेश मेहरा, विनय, अंकित विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र अहिरवार, मुकेश मिश्रा, गायत्री आर्मो, आकांक्षा, राजुल जैन सहित जिले के समस्त पटवारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त 8 अधिकारियों कर्मचारियों को दी विदाई

**जबलपुर।** पुलिस कन्ट्रोलरूम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर कार्यवाहक उप निरीक्षक श्याम लाल सिंह, अशोक कुमार पाण्डे, विनोद कुमार द्विवेदी, गणेश प्रसाद मुड़िया, उमेश चंद्र मिश्रा, संतोष कुमार शुक्ला, वेद प्रकाश संचान, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक आनंदी लाल रजक को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा द्वारा रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के मानदेय से कटौती का एरियर्स चुकाओ

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने 2019 से 2023 के बीच सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के मानदेय में की गई कटौती को गलत माना है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि जून 2019 से जून 2023 तक का जो बकाया यानी एरियर्स हैए उसे सरकार को छह प्रतिशत ब्याज के साथ चुकाना होगा। न्यायालय ने इसके लिए 120 दिनों की समय सीमा तय की। इस अवधि के अंदर प्रशासन को 48 महीनों की एरियर्स राशि का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं को ग्रेच्युटी एक्ट के दायरे में रखने का भी आदेश दिया है। दरअसल सीधी निवासी आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकर्ता संघ की सचिव विभा पांडे की ओर से 2019 में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलता था। 2018 में केंद्र की भाजपा सरकार ने इसमें 1500 की वृद्धि की। लेकिन 2019 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो कार्यकर्ताओं का मानदेय 1500 कम कर दिया गया। इसी तरह सहायिकाओं का मानदेय भी 7000 से घटकर से 5500 कर दिया गया। अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि इसके बाद भाजपा सरकार ने इस कटौती को वापस कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओंए सहायिकाओं के मानदेय 2023 में बहाल कर दिए। लेकिन 2019 से 2023 तक का इन्हें एरियर्स नहीं मिलाए इन्हें ग्रेच्युटी भी नहीं मिल रही है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।



# सच्चा मोक्ष जीवित अवस्था में ही ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति से संभव

▶ श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**नवभारत,जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित चांदी वाले गणेश जी (श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर, ललपुर रोड) में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का अंतिम दिवस मोक्ष और वैराग्य के दिव्य संगम का साक्षी बना। यह ज्ञान यज्ञ महंत प्रमोद महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें भागवत आचार्य पंडित इंद्रभानु महाराज ने अपनी रसपूर्ण वाणी से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य श्री ने बताया कि सच्चा मोक्ष जीवित अवस्था में ही ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति से संभव है, केवल मृत्यु शरीर का त्याग है, मोक्ष नहीं। कथा के समापन प्रसंग में परीक्षित की पूर्ण ज्ञान प्राप्ति और मोक्ष की स्थिति का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा के जजमान अंजु कर, संध्या चौकसे (भीठा), गीता अहिरवार, एम.एल. अहिरवार, मीना चौहान, राजेश चौहान, रीना शारदा, सुरेश शारदा, श्रीमती प्रीति शर्मा, राजकुमार शर्मा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्री प्रहलाद गुप्ता, पुष्पा शर्मा, मधु, संजय मिश्रा आदि रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर त्रिलोक सिंह गौतम, संध्या सिंह, पूर्णिमा सिंह, दामिनी पांधी, माया कुशवाहा, संगीता सुनील कुशवाह, कौशल, एस.एल. बघेल, कीर्ति वाघेला, सुशील जैन, इंद्रा जैन, श्रीमती वर्षा चौहान, शशिकांत चौहान, नरेश राठौड़, अशोक चौहान, श्रीमती दीपा चौहान सहित नगर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

## 106 के काटे चालान, 27 के लाइसेंस होंगे निलंबित

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं पुलिस परिवहन शोध संस्थान के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक (मालवीय चौक, गढ़ा, घमापुर) एवं यातायात थाना प्रभारियों की संयुक्त टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों—जैसे जसूजा सिटी, महाराजपुर फॉरेस्ट नाका एवं पाटन बायपास पर सघन चेकिंग की गई।

# परिवादी को दोषमुक्ति आदेश के विरुद्ध अपील का पूरा अधिकार : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने चेक बाउंस के प्रकरण में अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि परिवादी को दोषमुक्ति आदेश के विरुद्ध अपील का पूरा अधिकार है। मामला कल्पना विनय वैश्य कापदेव विरुद्ध प्रियंक वर्माए प्रोपराइटर आस्था मेडिकल स्टोर बालाघाट से संबंधित था। याचिकाकर्ता ने भोपाल के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा 11 फरवरी 2020 को आरोपी को दोषमुक्त किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत की रोशनी में कहा कि पीड़ित व्यक्तिए हाईकोर्ट से विशेष अनुमति की जरूरत नहीं है। न्यायालय ने परिवादी को स्वतंत्र किया कि वह सक्षम सत्र न्यायालय में चार माह के भीतर अपील दायर कर सकती है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि अपील पहले से समय.सीमा में दायर की गई थी या विलंब क्षमा हो चुका हैए तो लिमिटेशन का मुद्दा नहीं उठेगा।

अन्य मामलों में यह निर्णय अपीलीय न्यायालय करेगा। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिए कि प्रस्तुत मूल दस्तावेजों की प्रतियां रखकर उन्हें वापस किया जाए और निचली अदालत का रिकार्ड संबंधित न्यायालय को भेजा जाए। इस आदेश के साथ ही हाई कोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया।


**कार्यालय नगर परिषद पाटन जबलपुर**

संपत्ति आईडी-1002824133 जावक नं. 257 प्रकरण क्रः शहरी स्थानीय निकाय-PT60862 दिनांक 29/04/2026

**नामान्तरण आपत्ति का सूचना पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि MR संतोष अग्रवाल नर्मदा प्रसाद अग्रवाल S/O नर्मदा प्रसाद अग्रवाल हस्ते MRs. संगीता अग्रवाल W/O संतोष अग्रवाल ने भवन/भूखण्ड क्रमांक 241, पाटन-483113 वार्ड-13 पिन क्रमांक/पुरानी सम्पत्ति आई.डी. :1002824133 प्लाट एरिया: 1080 निर्माण एरिया : 1080.0

| क्र. सं. | उपयोग प्रकार | उपयोग कारक | जमीन | निर्माण | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाणिज्य | स्वयं-उपयोग | ग्राउंड लोर | आर.सी.सी. आर या पत्थर की छत युक्त पक्के भवन | 1080. |

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर निम्नलिखित नाम/नामों MRs. श्रीमती संगीता अग्रवाल W/Oसंतोष अग्रवाल पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है। जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर नगर परिषद पाटन के कार्यालय में नामांतरण शाखा में लिखित एवं प्रमाण पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत कर। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकृत का नाम कर निर्धारण पुस्तिका में अंकित कर दिया जावेगा। नामांतरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

CMO/RJ **राजस्व अधिकारी नगर परिषद पाटन**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र)**

// द्वितीय निविदा सूचना//

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/118 Date : 30/04/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Id-D-2026_UAD_501403_1 | जयप्रकाश नारायण वार्ड अंतर्गत तुलसी नगर में राजकुमार गुप्ता के सामने सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह | 2000/- | 18/05/2026 |
| | Date-04/05/2026 | | ₹.2.99 लाख | 2992/- | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय नगर परिषद पाटन जबलपुर**

संपत्ति आईडी-1001660519 जावक नं. 226 प्रकरण क्रः शहरी स्थानीय निकाय-PT60517 दिनांक 27/04/2026

**नामान्तरण आपत्ति का सूचना पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि MR संतोष अग्रवाल पिता स्व.नर्मदा प्रसाद अग्रवाल S/O स्व. नर्मदा प्रसाद अग्रवाल हस्ते MRs. संगीता अग्रवाल पति संतोष अग्रवाल ने भवन/भूखण्ड क्रमांक 241, पाटन-483113 वार्ड-13 पिन क्रमांक /पुरानी सम्पत्ति आई.डी. : 1001660519 प्लाट एरिया: 1116 निर्माण एरिया : 1116.0

| क्र. सं. | उपयोग प्रकार | उपयोग कारक | जमीन | निर्माण | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आवासीय | स्वयं-उपयोग | ग्राउंड फ्लोर | आर.सी.सी. आर या पत्थर की छत युक्त पक्के भवन | 576.0 |
| 2. | आवासीय | स्वयं-उपयोग | पहली मंजिल | आर.सी.सी. आर या पत्थर की छत युक्त पक्के भवन | 360.0 |
| 3. | आवासीय | स्वयं-उपयोग | दूसरी मंजिल | आर.सी.सी. आर या पत्थर की छत युक्त पक्के भवन | 180.0 |

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर निम्नलिखित नाम/नामों MRs. श्रीमती संगीता अग्रवाल W/Oसंतोष अग्रवाल पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है। जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 1 दिवस के अंदर नगर परिषद पाटन के कार्यालय में नामांतरण शाखा में लिखित एवं प्रमाण पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत कर। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकृत का नाम कर निर्धारण पुस्तिका में अंकित कर दिया जावेगा। नामांतरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

CMO/RJ **राजस्व अधिकारी नगर परिषद पाटन**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

// निविदा आमंत्रण सूचना//(सातवीं निविदा)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO- 119 Date-01/05/2026 | सं.क्र.11 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्र.66 के अंतर्गत भोंगाद्वार में सड़क निर्माण एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 3 month | 2000.00 | 18/05/2026 |
| | 2026_UAD_503822_1 | | 4.41 | 4412.00 | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर**